दिन–सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन में शामिल होने की अटकलों को खारिज किया। कहा– एनडीए में बने रहेंगे।

02. कर्नाटक में पहली बार दो बच्चों में एचएमपीवी वायरस संक्रमण की पुष्टि। केन्द्र सरकार ने लोगों से नहीं घबराने की अपील की।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस को भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित किया गया।

04. और, घने कोहरे के कारण रेल, सड़क और विमान परिचालन हुआ प्रभावित। मौसम विभाग का पूर्वानुमान फिलहाल ठंड से राहत नहीं।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन में शामिल होने की अटकलों को खारिज किया है। आज प्रगति यात्रा के दौरान वैशाली जिले के बेलसर में पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि उन्हें एनडीए में काफी सम्मान मिला है इसलिए कहीं और जाने का सवाल ही नहीं पैदा होता है।

———बाईट———

मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व दो सौ छिहत्तर करोड़ रूपये की तीन सौ चौवालीस विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और जीविका दीदियों के साथ संवाद किया।

———————————————————————————

चीन में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस–एचएमपीवी के फैलने की चिंताओं के बीच, देश में पहली बार एचएमपीवी के दो मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर ने कर्नाटक में एचएमपीवी के दो मामलों का पता लगाया है।

———बाईट———

इन तीन महीने की एक बच्ची और आठ महीने का एक बच्चा वायरस से संक्रमित पाया गया है। दोनों का उपचार जारी है। दोनों मरीजों में से किसी ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा नहीं की थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि एचएमपीवी पहले से ही भारत सहित दुनिया भर में फैल चुका है। कई देशों में लोगों में श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले सामने आए हैं। आईसीएमआर के मुताबिक देश में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी या श्वसन बीमारी के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों के बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन चीन की स्थिति के बारे में समय–समय पर ताजा जानकारी दे रहा है। भूपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष आकर्षिता सिंह।

———————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि चीन में एचएमपीवी वायरस के कारण सांस संबंधी बीमारियों में हो रही बढ़ोतरी को लेकर चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत सांस संबंधी संक्रमण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। स्थिति पर पूरी तरह नजर रखी जा रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन से इस संबंध में जानकारी मांगी गई है।

———————————————————————

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस को भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित कर दिया गया है। केन्द्रीय कार्मिक विभाग ने इस संबंध अनुमति जारी की है। संजीव हंस अभी पटना के बेउर जेल में बंद है। राज्य सरकार उन्हें छह महीने पहले ही पदमुक्त कर चुकी है। संजीव हंस पर अपने पद का दुरूपयोग कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला चल रहा है। इस मामले ईडी उनके ठिकानों पर छापेमारी भी कर चुकी है।

———————————————————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में पंचायत से संसद कार्यक्रम के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में बीस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की पंचायतीराज संस्थाओं से चुनी गई करीब पांच सौ महिला प्रतिनिधि भाग ले रही हैं। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं गांवों के विकास की दिशा में काम कर रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार कर रही हैं।

———बाईट———

पंचायत राज के माध्यम से गांव के विकास के साथ हम आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत की विरासत उसकी संस्कृति में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। हमारे लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था पंचायत राज के अंदर आपके नेतृत्व से उन जनजाति क्षेत्र के अंदर सामाजिक, आर्थिक विकास महिलाओं को स्वावलम्बन बनाने में भी आपका बहुत बड़ा योगदान है।

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने में पंचायतों से जुड़ी महिलाएं अहम भूमिका निभाएंगी।

———बाईट———

इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें भी एक अवसर मिलता है कि हम पंचायत से लेकर सीधे पार्लियामेंट तक चीजों को वह समझे और कैसे योजनाओं का यह कार्य करने हैं, इसके बारे में भी बहुत सारी चीजों के जानकारी भी मिलती है।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। एक स्वयंसेवी संस्था द्वारा दायर याचिका में न्यायालय से प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर लाठीचार्ज के जिम्मेदार जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पर भी कार्रवाई करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के अनुसार सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने कल सुनवाई के लिए याचिका को उचित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का भरोसा दिया है। इधर, परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर आज भी विभिन्न छात्र संगठनों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

धने कोहरे के चलते सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से विलंब से चल रही हैं। पटना और दरभंगा हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। आज सुबह के समय पटना, गया, भागलपुर और पूर्णियां में घने स्तर का जबकि राज्य के शेष हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहा। इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड की स्थिति बनी

हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव सात डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ छपरा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

---बाईट---

---

इधर, अत्यधिक ठंड को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पठन–पाठन ग्यारह जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि आठवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे के बीच संचालित की जा सकती है। पूर्वी चंपारण, भागलपुर, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, जिला प्रशासन ने भी ग्यारह जनवरी तक एक से आठ तक की कक्षाओं में पठन–पाठन स्थगित कर दिया है। वहीं, समस्तीपुर जिला प्रशासन ने नौ जनवरी तक, जबकि शेखपुरा जिला प्रशासन ने आठ जनवरी तक आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में पठन–पाठन प्रतिबंधित कर दिया है। इस बीच, मुंगेर जिले में तेरह जनवरी तक विद्यालयों का संचालन सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक होंगे।

---

ठंड के मौसम में उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संदीप बंसल ने कहा कि ठंड में रोगियों को समय पर दवा लेनी चाहिए और तरल पदार्थ का भरपूर मात्रा में सेवन करना चाहिए।

---बाईट---

---

सिखों के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का तीन सौ अट्ठावनवां प्रकाश पर्व आज पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में विशेष दीवान सजाया गया है। शबद–कीर्तन और गुरुवाणी से पूरा वातावरण गुंजायमान है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए देश विदेश से बड़ी संख्या में सिख संगत पटना साहिब पहुंचे हैं। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह आज देर रात तक जारी रहेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में गुरू गोबिंद सिंह जी महाराज के साहस के साथ–साथ उनकी करुणा को याद किया है। श्री मोदी ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन कई लोगों के लिए शक्ति का स्रोत बना हुआ है।

———पीएम———

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जयंती पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब जा कर मत्था टेका और राज्य की सुख, शांति समृद्धि की कामना की। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————————

पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चंपापुर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों पेशे से चिकित्सक थे और इनकी पहचान मोतिहारी के नियाज अहमद तथा दिघवारा के अभिषेक श्रीवास्तव के रूप में हुई है। दोनों कार से पटना से नवादा जा रहे थे। कोहरे के कारण एक वाहन से टक्कर होने के चलते यह हादसा हुआ।

———————————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय डीआरआई की टीम ने बेगूसराय के फतेहा के पास दो कार से नब्बे किलो गांजा बरामद की है। मौके से पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के डिहरी रजवाड़ बिगहा गांव के पास सड़क किनारे खड़ी एक बस को तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक किशोरी की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये।

---

सुपौल के निर्मली स्टेशन पर लहेरियासराय सहरसा मेमू ट्रेन के नीचे एक महिला फंस गई। आरपीएफ और स्थानीय लोगों की मदद से उसे सुरक्षित निकाला गया।

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महागठबंधन में शामिल होने की अटकलों को खारिज किया। कहा– एनडीए में बने रहेंगे।

02. कर्नाटक में पहली बार दो बच्चों में एचएमपीवी वायरस संक्रमण की पुष्टि। केन्द्र सरकार ने लोगों से नहीं घबराने की अपील की।

03. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस को भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित किया गया।

04. और, घने कोहरे के कारण रेल, सड़क और विमान परिचालन हुआ प्रभावित। मौसम विभाग का पूर्वानुमान फिलहाल ठंड से राहत नहीं।

---

समाप्त